# पोलायकलां सीएमओ को कारण बताओ नोटिस

## सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का पोर्टल पर सही निराकरण दर्ज नहीं करने पर हुई कार्यवाही

**शाजापुर, 18 अगस्त. सोमवार को विभागीय समन्वय एवं समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग शिकायतों के निराकरण पर ध्यान केन्द्रित करें. शिकायतों का सही निराकरण पोर्टल पर दर्ज नहीं करने पर पोलायकलां सीएमओ को नोटिस देने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए.**

बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना बीमा, नियम विरुद्ध संचालित यात्री एवं स्कूली वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को दिए. कलेक्टर ने स्कूली वाहनों पर कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सहयोग करने के लिए भी निर्देशित किया. कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में नए भवन बनने के कारण रिक्त हुए पुराने भवनों को उपयोगी बनाकर एनआरएलएम की दीदीयों को गतिविधियां करने के लिए प्रदान करने के निर्देश दिए. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जनपद स्तरीय सचिवों की बैठक लेकर आवास निर्माण की समीक्षा करने के निर्देश दिए. निर्माण कार्यों



के संबंध में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही निर्माण एजेंसियों से भवन प्राप्त करें. कलेक्टर ने मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों की समीक्षा की. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक कार्य सुविधा एवं उपयुक्तता की दृष्टि से ग्रामों के संलग्नीकरण का प्रस्ताव बनाएं. इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलदर, सुश्री नेहा गंगारे एवं आलोक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### औद्योगिक विकास के लिए जमीन का चयन करें

कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि कालापीपल क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए जमीन का चयन करें . चयन के दौरान पानी की उपलब्धता का भी ध्यान रखें . इस अवसर पर अवैध कॉलोनी निर्माण, सीएम हेल्पलाईन समाधान, समग्र ईकेवायसी, गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी को अनमोल पोर्टल पर दर्ज करने, लंबित पेंशन प्रकरणों, स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों, एक बगिया मां के नाम, अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मत्स्य उद्योग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं के हस्तांतरण तथा जलनिगम की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की .

# मक्सी में 50 बिस्तरीय अस्पताल के लिए स्थल निरीक्षण



**शाजापुर, 18 अगस्त. सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शाजापुर जिले के मक्सी में स्वीकृत 50 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने विधायक अरुण भीमावद के साथ संभावित स्थलों का निरीक्षण किया.**

इस दौरान एसडीएम सुश्री मनीषा वास्कले, सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य, डीएचओ डॉ. अजय साल्विया, कार्यपालन यंत्री हर्षवर्द्धन मुवेल एवं सीएमओ अशफाक खान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे.

# प्रतिभा को निखारने में अव्वल रहा शाजापुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन

## दिल्ली केपिटल के खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने की पदाधिकारियों की प्रशंसा, दिया प्रथम पुरस्कार

**शाजापुर, 18 अगस्त. नगर की क्रिकेट प्रतिभा को निखारने, उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने तथा प्रतिभा को पहचानने के मामले में शाजापुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अव्वल रहा. संगठन के पदाधिकारियों को आईपीएल में दिल्ली केपिटल के संकट मोचक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने प्रथम पुरस्कार दिया.**

दरअसल, उज्जैन में संभागीय संगठन द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. यहां शाजापुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु डिवीजन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. संगठन के सचिव मनोज आर्य ने




बताया कि संगठन के अध्यक्ष धीरेंद्रसिंह भदोरिया ने संगठन को निरंतर मजबूत करते हुए इस उपलब्धि तक पहुंचाया है. इसके अलावा संगठन के सह सचिव आनंद भावसार ने भी अपनी मेहनत व लगन से नगर की प्रतिभा को निखारने मे अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते समारोह में एसोसिएशन को प्रथम स्थान मिला है. संगठन के पदाधिकारियों को नगर निगम सभापति कलावती यादव, राजेश कुशवाह व आईपीएल की दिल्ली केपिटल टीम के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा व उज्जैन डिविजन के चेयरमेन अनिल फिरोजिया द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस उपलब्धि पर संगठन के खलील खान, राजेश श्रीवास्तव, हुकुम परमार, नितिन शर्मा, जगदीश मीणा, अशफाक खान, विकास, विनोद गवली, विशाल मकवाना ने हर्ष व्यक्त किया है.

# रैपिड एक्शन फोर्स ने मक्सी में किया शक्ति प्रदर्शन

## 107वीं बटालियन ने शुरू किया परिचय अभ्यास, फ्लैग मार्च से बढ़ी सुरक्षा भावना

**मक्सी, 18 अगस्त. भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, रैपिड एक्शन फोर्स की बी/107वीं बटालियन द्वारा शाजापुर जिले में 18 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक परिचय अभ्यास का शुभारंभ किया गया. कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई 107 बटालियन के आदेशानुसार एवं उप कमांडेंट अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अभ्यास किया जा रहा है.**

उप कमांडेंट ब्रजमोहन राठौर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में जाकर स्थानीय प्रशासन के साथ



समन्वय स्थापित करना तथा सामाजिक, भौगोलिक, धार्मिक एवं राजनीतिक स्थितियों का अध्ययन करना है. अभ्यास के तहत आरएएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने 18 अगस्त सोमवार को मक्सी थाना क्षेत्र सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया. इस दौरान क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षरता दर, असामाजिक तत्वों की गतिविधियां एवं साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जा रही है. थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल भी अपने दल-बल के साथ इस फ्लैग मार्च में मौजूद रहे और समन्वय बनाते हुए सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया. अभ्यास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों एवं गुप्तचर इकाइयों से समन्वय कर क्षेत्र की विस्तृत जानकारी संकलित की जा रही है. संभावित अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु संवेदनशील क्षेत्रों का नक्शा तैयार किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर शीघ्रता से बल तैनात किया जा सके.

# अमृत वर्षा के बीच शाही ठाट से निकले बाबा गुप्तेश्वर महादेव

## शाही सवारी में बारिश भी कम नहीं कर पाई श्रद्धालुओं का उत्साह





**नलखेड़ा, 18 अगस्त. नगर में चौक बाजार में स्थित गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी ठाठ-बाट से निकाली गई. इस दौरान कई स्थानों पर महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा गुप्तेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर अगवानी की गई. शाही सवारी में इंद्र देवता ने भी अमृत वर्षा कर स्वागत किया. सवारी प्रारंभ होने के बाद कभी तेज, तो कभी रिमझिम बारिश हुई, लेकिन इसके बाद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और वे अपने बाबा के दर्शन के लिए सड़कों पर जमे रहे.**

नगर में सोमवार को गुप्तेश्वर महादेव शाही अंदाज में प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले. शाही सवारी के पूर्व गुप्तेश्वर महादेव की

### शाही सवारी का किया गया भव्य स्वागत...

विधायक भैरो सिंह परिहार, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह के द्वारा शाही सवारी का स्वागत किया गया एवं नगर परिषद के द्वारा अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी एवं पार्षद गण के साथ शाही सवारी में शामिल होकर नगर परिषद के मंच से शाही सवारी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया . वहीं नगर में कई स्थानों पर राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा केले एवं लड्डूओं का वितरण किया गया .



पूजा-अर्चना प्रशासन तथा विधायक भैरो सिंह बापू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर व अन्य लोगों द्वारा की गई. इसके पश्चात गुप्तेश्वर महादेव एक सुसज्जित फूलों से सजी पालकी में विराज होकर नगर भ्रमण पर निकले. शाही सवारी दोपहर तीन बजे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे, डीजे, ढोल ढमाकों के साथ प्रारंभ हुई. शाही सवारी में हर कोई बाबा की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दिया. बाबा गुप्तेश्वर के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की बरसात कर शिव बाबा का स्वागत किया गया. वहीं सड़क पर नाचती भूतों की बारात, श्रद्धा और आस्था से डीजे की धुन पर नाचती झुमती हजारों भक्तों की भीड़ और दुल्हन की तरह सजे नगर में फूलों से सजी पालकी में राजसी ठाट से सवार होकर नगराधिपति बाबा गुप्तेश्वर महादेव पूरे लाव लश्कर के साथ नगर का हाल जानने के लिए निकले.

### सवारी में ये रहे आकर्षण का केंद्र...

भक्तों ने अपने अपने द्वार पर बाबा की पालकी के दर्शन व आरती उताकर स्वागत पूजन किया. सवारी किला रोड, अशोक मार्ग, चौक बाजार, गणेश दरवाजा, शिवाजी चौराहा होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंची. जहां पर बाबा का अभिषेक व पूजा-अर्चन किया गया. फिर गवलीपुरा, नयापुरा होते हुए पुन: गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची. जहां गुप्तेश्वर महादेव की आरती कर प्रसाद वितरित की गई. सवारी में डीजे की धुन पर भक्त झूमते हुए चल रहे थे. वहीं सवारी में शामिल भूतों की बारात, भोलेनाथ-पार्वती व राधा-कृष्ण का वेश धरे युवक आकर्षण का केंद्र बने हुए थे. साथ ही सवारी में कई स्कूलों की झांकियां और घोष भी सम्मिलित हुई. सवारी में शामिल बैंड ने शिव भजनों की सुंदर प्रस्तुति देते हुए पूरे नगर के वातावरण को शिवमय कर दिया. नगर में कई जगह मंच से शाही सवारी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. सवारी का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनो के द्वारा स्वल्पाहर और पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया.

# बच्चों को रंगों की पहचान कराई



**शाजापुर, 18 अगस्त. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी एवं सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान के मार्गदर्शन में सचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर शालापूर्व प्रारंभिक शिक्षा के तहत किए प्रयास का परिणाम केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि के रूप में परिलक्षित होने लगा है.**

इसी तारतम्य में आज आंगनवाड़ी केंद्र टिगरिया में बच्चों को कलर की पहचान कराई गई. आंगनवाड़ी केंद्रों में रशीदा बी ने बच्चों को शारीरिक गतिविधि के माध्यम से अक्षर ज्ञान कराया. वहीं खेलों के माध्यम से बच्चों को गतिविधि भोपाखेड़ी की रीता राजपूत द्वारा करवाई जा रही है. इसके साथ ही गीत कविता के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का ज्ञान कराया जा रहा है. इस कारण न केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बड़ी है, बल्कि बच्चों को पोषण व खाने नाश्ते की सेवाएं प्रदाय करने में आसानी हुई है.

**खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न- शाजापुर,** खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन आज जनपद पंचायत शाजापुर के सभागृह में किया गया. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के क्रियान्वयन एवं शासकीय योजनांतर्गत प्रगति की समीक्षा की गई एवं लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया. इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती मनीषा वास्कले, अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शाजापुर भूपेंद्र दीक्षित, समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी तथा शाजापुर ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे.

# श्रीकृष्ण पर्व में सोंलकी ने दी लोक गीतों की प्रस्तुति



**सुसनेर, 18 अगस्त. मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल के द्वारा उज्जैन स्थित नारायण धाम पर 5 दिवसीय श्री कृष्ण पर्व का आयोजन किया गया. श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस आयोजन में सुसनेर तहसील के आदर्श ग्राम छापरिया के आकाशवाणी गायक बाबूलाल सोलंकी और उनकी पूरी टीम ने भी लोक गायन में प्रस्तुति दी.**

इस दौरान बाबूलाल सोंलकी और उनकी टीम को मंच से सम्मानित भी किया गया. इस आयोजन में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे. आपको बता दे की कि 14 से 18 अगस्त तक चले इस श्री कृष्ण पर्व में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों पर श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन नृत्य, नाटिका एवं संगीतमय रूप से प्रस्तुत किया गया. इसके चलते लोक गायन के लिए छापरिया के प्रसिद्ध कबीर भजन गायक एवं आकाशवाणी गायक बाबूलाल सोलंकी और उनकी टीम का चुना गया था.

एक नजर में | जनसहयोग की मिसाल बने भंडारे, भोजन से लेकर स्वास्थ्य तक की सुविधा दे रहे

# जय बाबारी... आप रामदेवरा जा रहे हैं, तो भोजन करके प्रस्थान कीजिये

**सुसनेर, 18 अगस्त. जय बाबारी... अरे भैया रुकिये... आप रामदेवरा जा रहे हैं, तो जरा ठहरिये... कुछ देर विश्राम कर लीजिये... चाय-पानी पी लीजिये... भूख लगी हो, तो भोजन कर लीजिये... यह आग्रह इन दिनों उज्जैन-झालावाड़ नेशहाल हाईवे पर गांवों के बाहर जनसहयोग से संचालित हो रहे भंडारों में किया जा रहा है.**



इन भंडारो में राजस्थान की पोकरण तहसील में स्थित रामदेवजी की समाधि के दर्शन करने जाने वाले श्रृद्धालुओं के लिए भोजन व स्वल्पाहार से लेकर रात्रि विश्राम तक व यात्रियों का स्वास्थ्य खराब होने पर प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था की जा रही है. यह पुनित कार्य चल रहा है ग्रामीणों के जनसहयोग से. इसके चलते हाईवे पर जय बाबारी की गूंज सुनाई दे रही है. नेशनल हाईवे पर हर गांव के बाहर एक-एक भंडारा लगा हुआ है. यदि आप इस मार्ग से गुजर रहे हैं, तो आपको इन भंडारों में कुछ देर तो अवश्य ही रुकना पड़ेगा. चाहे भले ही आप वहां कुछ देर रूक कर चाय ही क्यों न पियें.

### भजन-कीर्तन के साथ सेवा कर रहे ग्रामीण

हर गांव के बाहर ग्रामीणों के द्वारा बनाए गए इन भंडारों में रामदेवजी के भजन-कीर्तन के साथ भक्ति की जा रही है. इसके चलते पूरा राजमार्ग भक्तिमय दिखाई दे रहा है. कोई भक्त ट्रेक्टर-ट्रॉलियों से तो कोई दो पहिया वाहन व 4 पहिया वाहन से बाबा रामदेवजी के दर्शन करने जा रहा है. इन श्रद्धालुओं की सेवा करने में आमला से चंवली गांव तक करीब 50 से भी अधिक गांवों के ग्रामीण जुटे हुए हैं. जिन्होंने अपने-अपने गांव के बाहर भंडारा लगा रखा है. नेशनल हाईवे के अलावा डग रोड, पिड़ावा रोड पर भी गांवों के बाहर इसी तरह के भंडारे संचालित हो रहे हैं. इस मार्ग से भी श्रृद्धालु रामदेवरा की ओर जा रहे हैं.

### हजारों भक्त कर रहे भोजन

हाईवे पर जगह-जगह संचालित हो रहे इन भंडारों का प्रतिदिन 2 हजार के लगभग भक्त लाभ भी उठा रहे हैं. इन भंडारों में खर्च की सारी व्यवस्था जनसहयोग से हो रही है. एक अन्य भंडारा संचालक चंवली सोयत निवासी भेरूलाल भगत के अनुसार लोग अपनी श्रृद्धा और आस्था से संचालन में सहयोग करते हैं. वे पिछले कई सालों से इसी मार्ग पर भंडारे का संचालन कर रहे हैं. मार्ग से प्रतिदिन 3 हजार के लगभग यात्री गुजर रहे हैं.

### हर ग्रामीण करता है भंडारे में सहयोग

गांव-गांव के बाहर राजमार्ग के किनारे जनसहयोग से संचालित हो रहे इन भंडारों में ग्रामों के हर नागरिक के द्वारा अपनी ओर से कुछ न कुछ दिया जाता है. इन भंडारों में ग्राम की समितियों के सदस्यों द्वारा भोजन अपने हाथों से बनाकर भक्तों को परोसा जाता है. कुछ सेवाभावी लोगों ने तो भंडारे की जगह को ही अपना आशियाना बना लिया है. वे रात-दिन यहीं रहकर सेवा में जुटे रहते हैं.

